**दिनांक : 21/06/2026** **समय :07.10 एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

1. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामूहिक योग सत्र में ले रहे हैं भाग,
2. कुछ ही देर बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जबलपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में करेंगी शिरकत
3. नीट-यूजी की पुन:परीक्षा आज, भोपाल में 32 केंद्रों पर 13 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दी शुभकामनाएं।
4. प्रदेश में मानसून छह दिन लेट, आज इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत 37 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट।

## अब समाचार विस्तार सेः–

**पीएम मोदी- योग दिवस**

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में आयोजित किया जा रहा है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शहर के रेड रोड पर सामूहिक योग का नेतृत्व कर रहे हैं।

इसके बाद प्रधानमंत्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन स्वदेशी नौसैनिक पोतों- आईएनएस दुनागिरी, संशोधक और अग्रय का जलावतरण करेंगे। इन पोतों का डिजाइन नौसेना युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो और निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने किया है। आईएनएस दुनागिरी ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस है, वहीं आईएनएस संशोधक जल सर्वेक्षण अभियानों के लिए और आईएनएस अग्रय पनडुब्बी-रोधी युद्धपोत के रूप में तैयार किया गया है। नौसेना ने बताया कि इन पोतों में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है, जिसमें 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की भागीदारी रही है।

**राष्ट्रपति- योग दिवस**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज जबलपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। ज्यादा जानकारी दे रही हैं जबलपुर से संवाददाता सुरभि तिवारी

वहीं राजधानी भोपाल, पांढुर्णा, झाबुआ, छिंदवाड़ा, आगरमालवा, धार, पन्ना, बैतूल, बड़वानी, खंडवा और शिवपुरी सहित सभी जिलो में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

**नीट पुनः परीक्षा**

आज नीट-यूजी पुन: परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, भोपाल में 32 केंद्रों पर 13 हजार 774 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। प्रशासन ने सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगाए हैं और हर केंद्र पर डॉक्टर की भी तैनाती की गई है। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक आयोजित होगी, जबकि बायोमेट्रिक सत्यापन और फ्रिस्किंग की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक चलेगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने केंद्रों पर मोबाइल फोन, घड़ी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। परीक्षा से पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं।

**अश्विनी वैष्णव- राजस्थान दौरा**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज  एक दिवसीय राजस्थान दौरे पर रहेंगे, जिसमें वे कई महत्वपूर्ण रेलवे अधोसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। वे बीकानेर रेलवे स्टेशन से लालगढ़-साबरमती एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर अपने दौरे की शुरुआत करेंगे, इसके बाद जयपुर के खातिपुरा रेलवे स्टेशन पर जयपुर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस को रवाना करेंगे। इसी कार्यक्रम में रेल मंत्री मेगा कोचिंग टर्मिनल का भी उद्घाटन करेंगे, जो रेलवे रखरखाव कार्यों को आधुनिक बनाने के लिए तैयार की गई सुविधा है।

**पीएम आवास योजना**

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर जिले के सांवेर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 42 हजार से अधिक पात्र हितग्राहियों को 2 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की आवास स्वीकृतियां प्रदान कीं। इस अवसर पर 38 हजार से अधिक परिवारों को उनके नवीन पक्के आवासों में गृह-प्रवेश भी कराया गया। साथ ही मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने 2 हजार 935 करोड़ रुपये की लागत वाली 48.10 किलोमीटर लंबी इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड फोर-लेन परियोजना का भूमिपूजन भी किया।

**शिवराज सिंह- पीएम किसान सम्मान**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल रायसेन जिले के बाड़ी में आयोजित जनकल्याण शिविर को संबोधित किया। श्री चौहान ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के सम्मान का प्रतीक है। यह राशि छोटे किसानों के लिए वरदान है।

उन्होंने कहा कि केंद्र की राशि के साथ प्रदेश सरकार भी इतनी ही राशि जोड़कर किसानों को हर साल 12 हजार रुपये की सहायता दे रही है। इसके साथ ही भोजपुर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 31 नई सड़कों की स्वीकृति की घोषणा की।

**मुख्यमंत्री- प्राकृतिक खेती**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल के बरखेड़ीकला स्थित कृषि विस्तार प्रशिक्षण संस्थान में प्राकृतिक खेती कार्यशाला को संबोधित किया। डॉ. यादव ने कहा कि कीटनाशक और रासायनिक खाद के उपयोग से कैंसर जैसी घातक बीमारियां होती हैं, इसलिए सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ रही है। उन्होंने बताया कि गौपालक किसानों को सरकार हर महीने 1100 रुपये प्रति गाय की दर से आर्थिक सहायता दे रही है।

**गोविंद सिंह राजपूत- सागर**

सागर जिले के सुरखी विधानसभा क्षेत्र में खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ग्राम सरखड़ी, साजी और ताजपुर में 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र का वास्तविक विकास जनता की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है और उनका लक्ष्य सुरखी के हर गांव को सुविधायुक्त बनाना है।

**भावांतर भुगतान योजना**

प्रदेश सरकार की भावांतर भुगतान योजना को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह योजना ई-मंडी एप्लीकेशन के साथ एकीकृत डिजिटल ढांचे के अंतर्गत लागू की गई है, जिसके तहत सोयाबीन की खरीदी पूरी तरह ऑनलाइन की गई। इस योजना के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य और वास्तविक बिक्री दर के बीच के अंतर की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित की जाती है।

**क्रिकेट**

श्रीलंका में त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला के फाइनल में आज भारत-ए का मुकाबला श्रीलंका-ए से होगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा। भारतीय टीम अपने अंतिम राउंड-रॉबिन मैच में अफगानिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची है।

**मौसम**

अब बात मौसम की। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में मानसून 6 दिन की देरी से चल रहा है और इसके आने में अभी 4 दिन और लगेंगे। मौसम केंद्र ने 25 जून तक प्रदेश में मानसून की दस्तक देने का अनुमान जताया है, इससे पहले प्री-मानसून गतिविधि जारी रहेगी। आज इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के 37 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं भोपाल, सागर, उज्जैन और रतलाम समेत कुछ जिलों में मौसम साफ रहने का अनुमान है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- **खंडवा** में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत पवन चौक (इंदौर नाका) में गृह प्रवेश कार्यक्रम में 167 हितग्राहियों को नए घरों की सांकेतिक चाबियां, चेक और प्रमाण पत्र बांटे गए।
2- **शिवपुरी** के मानस भवन,पांढुर्णा के ग्राम रमाकोना और डिंडोरी में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया
3- **झाबुआ** के ग्राम बिलिडोज में अवैध कॉलोनी विकसित करने वाले 7 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की है।
4- **कटनी** में नीट परीक्षार्थियों के के लिए एक विशेष हेल्प सुविधा केंद्र शुरू किया गया है।
5- **बड़वानी** जिले में नीट परीक्षा के 11 परीक्षा केंद्रों पर 3845 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

इस बुलेटिन में इतना ही, अगला बुलेटिन सुनिए दोपहर दो बजकर 10 मिनिट पर, नमस्कार

-------------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

1 **राष्ट्रपति- योग दिवस**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज जबलपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। ज्यादा जानकारी दे रही हैं जबलपुर से संवाददाता सुरभि तिवारी

वहीं राजधानी भोपाल, पांढुर्णा, झाबुआ, छिंदवाड़ा, आगरमालवा, धार, पन्ना, बैतूल, बड़वानी, खंडवा और शिवपुरी सहित सभी जिलो में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

2 **नीट पुन: परीक्षा**

आज नीट-यूजी पुन: परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, भोपाल में 32 केंद्रों पर 13 हजार 774 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। प्रशासन ने सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगाए हैं और हर केंद्र पर डॉक्टर की भी तैनाती की गई है। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक आयोजित होगी, जबकि बायोमेट्रिक सत्यापन और फ्रिस्किंग की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक चलेगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने केंद्रों पर मोबाइल फोन, घड़ी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। परीक्षा से पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं।

3 **पीएम आवास योजना**

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर जिले के सांवेर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 42 हजार से अधिक पात्र हितग्राहियों को 2 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की आवास स्वीकृतियां प्रदान कीं। इस अवसर पर 38 हजार से अधिक परिवारों को उनके नवीन पक्के आवासों में गृह-प्रवेश भी कराया गया। साथ ही मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने 2 हजार 935 करोड़ रुपये की लागत वाली 48.10 किलोमीटर लंबी इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड फोर-लेन परियोजना का भूमिपूजन भी किया।

4 **शिवराज सिंह- पीएम किसान सम्मान**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल रायसेन जिले के बाड़ी में आयोजित जनकल्याण शिविर को संबोधित किया। श्री चौहान ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के सम्मान का प्रतीक है। यह राशि छोटे किसानों के लिए वरदान है।

उन्होंने कहा कि केंद्र की राशि के साथ प्रदेश सरकार भी इतनी ही राशि जोड़कर किसानों को हर साल 12 हजार रुपये की सहायता दे रही है। इसके साथ ही भोजपुर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 31 नई सड़कों की स्वीकृति की घोषणा की।

5 **मुख्यमंत्री- प्राकृतिक खेती**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल के बरखेड़ीकला स्थित कृषि विस्तार प्रशिक्षण संस्थान में प्राकृतिक खेती कार्यशाला को संबोधित किया। डॉ. यादव ने कहा कि कीटनाशक और रासायनिक खाद के उपयोग से कैंसर जैसी घातक बीमारियां होती हैं, इसलिए सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ रही है। उन्होंने बताया कि गौपालक किसानों को सरकार हर महीने 1100 रुपये प्रति गाय की दर से आर्थिक सहायता दे रही है।

6 **गोविंद सिंह राजपूत- सागर**

सागर जिले के सुरखी विधानसभा क्षेत्र में खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ग्राम सरखड़ी, साजी और ताजपुर में 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र का वास्तविक विकास जनता की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है और उनका लक्ष्य सुरखी के हर गांव को सुविधायुक्त बनाना है।

7 **भावांतर भुगतान योजना**

प्रदेश सरकार की भावांतर भुगतान योजना को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह योजना ई-मंडी एप्लीकेशन के साथ एकीकृत डिजिटल ढांचे के अंतर्गत लागू की गई है, जिसके तहत सोयाबीन की खरीदी पूरी

तरह ऑनलाइन की गई। इस योजना के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य और वास्तविक बिक्री दर के बीच के अंतर की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित की जाती है।

8 **मौसम**

अब बात मौसम की। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में मानसून 6 दिन की देरी से चल रहा है और इसके आने में अभी 4 दिन और लगेंगे। मौसम केंद्र ने 25 जून तक प्रदेश में मानसून की दस्तक देने का अनुमान जताया है, इससे पहले प्री-मानसून गतिविधि जारी रहेगी। आज इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के 37 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं भोपाल, सागर, उज्जैन और रतलाम समेत कुछ जिलों में मौसम साफ रहने का अनुमान है।

----------------